BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 30 सितंबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# अग्रवाल शिक्षा समिति की साधारण सभा सम्पन्न



**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल शिक्षा समिति चारकमान की वार्षिक साधारण सभा रविवार 29 सितंबर को समिति के सेडमल हॉल में संपन्न हुई। अग्रवाल शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया की अध्यक्षता में आयोजित वार्षिक साधारण सभा में मंच पर चेयरमैन ट्रस्ट बोर्ड डॉ. श्याम सुंदर अग्रवाल, मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल, सयुक्त मंत्री राजेश अग्रवाल मंचासीन रहे।

वंदेमातरम गीत व मंचासीन गणमान्यों ने दीप प्रज्वलित कर सभा का शुभारंभ किया। मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल ने सभा की कार्यवाही आरंभ की। सर्वप्रथम समिति के दिवंगत सदस्यों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह मेरे लिए गर्व का क्षण है, हमने अग्रवाल शिक्षा समिति की स्थापना के 100 वे वर्ष में प्रवेश किया है। वर्ष 1925 में हमारे पूर्वजों ने कन्या पाठशाला की नीव रखी थी, मै अपने आपको उनके द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के लिए मशाल वाहक के रूप में स्वयं को धन्य महसूस करता हूं, जो अब एक वृक्ष के रूप में विकसित हुआ है। हमारी टीम खुशी महसूस करती है क्योंकि आप सभी ने हमें समिति को आगे बढ़ाने के लिए चुना है। हमारा उद्देश्य है समिति प्रगति और समाज के सभी वर्गों को शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराना है। बच्चे और युवाओं में अपनी समृद्ध संस्कृति और इसके अतिरिक्त सभ्यता के संस्कार प्रदान करना है जो दुनिया को बदलने में सक्षम है। हमने शिक्षा को संशोधित करने की योजना बनाई है। पाठ्यक्रम को उन्नत करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी बोर्ड व अन्य विश्वविद्यालय और तकनीकी शिक्षा बोर्ड के लिए जो सरकार द्वारा आवश्यक है उसे कार्यान्वित किया है। उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम के शब्दों में कहा कि सीखना रचनात्मकता देता है और रचनात्मकता सोच को जन्म देती है सोच ज्ञान प्रदान करता है और ज्ञान आपको महान बनाता है।

मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल ने समिति का वर्ष 2023-2024 का कार्य विवरण एवं आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने सगर्व कहा कि समिति 100 वर्ष पूर्ण करने जा रही है इसके लिए मैं आप सभी को बधाई देता हूं। यह वास्तव में समाज के प्रति हमारी समर्पित सेवा का एक अविश्वनीय, ऐतिहासिक मानदंड है। गरीबों और जरूरतमंद को शिक्षा प्रदान करने समाज के सभी योग्य विद्यार्थी विशेषकर बालिका और समाज के वंचित वर्ग के नौजवानों को समग्र शिक्षा प्रदान कर अपने देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। वर्ष 2023-24 की उपलब्धियों के बाद हमने छात्रों के लिए रोजगार के अवसर मुहैया कराए है। समिति का नवीनीकरण, नए उद्योग व्यवसाय, व्यावसायिक कार्यक्रम की कोचिंग विद्यार्थियों को दी जा रही है।

अध्यक्ष चेयरमैन ट्रस्टबोर्ड श्याम सुंदर अग्रवाल ने शिक्षा को जीवन निर्माण का प्रबंधन करने की अनिवार्यता बताया।

शिक्षा आपकी संभावनाओ के कार्य को खोलने की कुंजी है, जो जीवन की लड़ाई जीतने में आपकी सहायता कर सकता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता रही है, हमने अकादमी के सराहनीय प्रदर्शन, जुड़ाव व प्लेसमेंट गतिविधियों को देखा है। उसे पूरा करने में हमारे कर्मचारी और छात्रों की समर्पित सेवाओं का पता चलता है।

समिति के अध्यक्ष एवं मानद मंत्री ने सभा में उपस्थित सदस्यों के सुझावों का सम्मान किया व समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर समिति के समिति के महेश कुमार अग्रवाल, महेश कुमार केडिया, मुकुंद लाल अग्रवाल, बद्री विशाल बंसल, शिव शंकर अग्रवाल, मनीष कुमार अग्रवाल, संजय कुमार संगी, शेष कुमार गोयल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, किरोड़ीमल अग्रवाल, रतन गुप्ता, तुलजा प्रसाद विमल, कपूर चंद अग्रवाल व अन्य सदस्य, अग्रवाल शिक्षा समिति के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य गण, अकादमिक निदेशिका डॉक्टर सरोज जैन, संयुक्त एकेडमिक निदेशक डॉ. राजेश अग्रवाल भी उपस्थित थे।

डीबी गर्ल्स जूनियर कॉलेज के कॉरस्पॉडेंट मनीष कुमार अग्रवाल ने आभार प्रदर्शन किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




## फिर गूंजेगा मंटो का अफ़साना



**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंटो के अफ़साने हमेशा से ही पाठक को झकझोर कर रख देने वाले रहे हैं ख कहानीवाला आर्ट और थिएटर के सुहास भटनागर ने बताया कि आगामी 5 अक्टूबर को शाम 8 बजे लामकान में दर्पण थिएटर द्वारा एक बार फिर, मंटो के अफ़साने पर आधारित नाटक, सड़क के किनारे का मंचन किया जा रहा है ख इस नाटक का मंचन पहले भी दो बार किया जा चुका है, पहली बार 2017 डिपार्टमेंट ऑफ़ लैंग्वेजेज और कल्चर के सहयोग से रविन्द्र भारती में जश्न ए मंटो में किया गया और दूसरी बार 2018 में मंटो फिल्म के हैदराबाद में प्रमोशन के दौरान किया गया थाख उल्लेखनीय है, कि इस नाटक के मंचन को मंटो फिल्म की निर्देशिका नंदिता दास और मंटो का किरदार अदा करने वाले अदाकार, नवाज़ुद्दीन सिद्दीक़ी द्वारा सराहा गया थाख दोनों मौकों पर सुहास भटनागर भी दर्पण थिएटर के सहयोगी रहे ख

दर्पण थिएटर ने मंटो के बहुत से अफसानों पर आधारित नाटकों का मंचन किया है, जिसमें प्रमुख हैं, ठंडा गोश्त, खोल दो, हतक, सड़क के किनारे, ऊपर नीचे और दरमियान प्रमुख हैंख हर बार की तरह इस बार भी सड़क के किनारे का निर्देशन अली अहमद ने किया है, उनको इस्मत चुगताई और मंटो के नाटकों को निर्देशित करने में महारत हासिल है ख उन्होंने बताया की गत दो महीने से रेड हिल्स स्थित विज़न रेनबो ओपन स्कूल में रिहर्सल चल रहे हैं ख अली अहमद का कहना है नाटक के हर शो का स्तर पिछले शो से ऊंचा होना चाहिए, सभी कलाकार अथक प्रयास में लगे हुए हैंख इस नाटक के टिकिट बुक माय शो पर उपलब्ध हैं, अगर संभव हुआ तो शो से पहले टिकिट लामकान पर उपलब्ध कराये जा सकते हैं ख निराशा से बचने के लिए ऑनलाइन बुक करना ही सही रहेगा।

## क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान में हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह आयोजित



**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के तहत क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, आयुष मंत्रालय हैदराबाद में शनिवार 28 सितंबर को हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. सौरभ कुमार, हिंदी अधिकारी सीएसआईआर-आईआईसीटी, हैदराबाद आमंत्रित थे। साथ ही संस्थान के प्रभारी अधिकारी डॉ. पी. हिमा बिंदु, वैज्ञानिक-3, डॉ. किरणमई, वैज्ञानिक- 2, डॉ. दीप्ति, वैज्ञानिक -2 की उपस्थिति थी। समापन समारोह की शुरुआत करते हुए प्रभारी अधिकारी ने बताया कि हमारे संस्थान में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं हिंदी के कार्यों को बढ़ावा देने के लिए वर्ष भर गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। हमारा संस्थान राजभाषा के प्रति दायित्वों के प्रति प्रतिबद्ध है। हमारे संस्थान के वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी एवं शोधार्थी अपने शोध आलेख विभिन्न पत्रिकाओं में हिंदी में प्रकाशित कराते रहते हैं। प्रभारी अधिकारी डॉ. हिमा बिंदु संस्थान के कार्यों से भी सभी को परिचित कराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सौरभ कुमार ने संस्थान के कार्यों और हिंदी गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी सभी की भागीदारी से आगे बढ़ती रहेगी। उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष राजभाषा हिंदी का हीरक जयंती वर्ष मनाया जा रहा है, जिसके तहत राजभाषा विभाग ने कई नई पहल को बढ़ावा दिया है। यथा राजभाषा विभाग के अंतर्गत भारतीय भाषा अनुभाग का शुभारंभ ऐसी ही एक पहल है। मुख्य अतिथि ने राजभाषा नियम का विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि तकनीकी उपकरणों के माध्यम से हिंदी में कार्य करना सरल हो गया है। ऐसे ही कार्यों से हिंदी अन्य भारतीय भाषाओं के साथ-साथ आगे बढ़ती रहेगी। कार्यक्रम में पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। अंत में डॉ. किरणमई ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्य अतिथि, संस्थान के प्रभारी अधिकारी, वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों का आभार व्यक्त किया।



**ऋषि श्रृंग भवन पर रविवार को भीलवाड़ा से पधारे राष्ट्रीय पूर्व महासचिव शिवराज शर्मा मोडीराम व्यास, सत्यनारायण उपाध्याय, हरिशंकर पांडिया छितरमल ओझा व हीरालाल जोशी के नगरागमन पर सिखवाल प्रगति समाज द्वारा शाल व माला से सम्मान करते हुए उपाध्यक्ष रामदेव नागला, अनिल जायलवाल, नरेश पांडिया, सुरेश कुमार तिवारी, जुगल किशोर उपाध्याय, श्रीनिवास नागला व माणिकचंद तिवारी उपस्थित रहे।**



**डोंग्रेजी महाराज गौशाला को एक लाख रूपए राशि का सहयोग करने पर पूर्व सांसद बीबी पाटिल का सम्मान करते हुए लव फॉर काऊ के चेयरमेन जसमत पटेल, ट्रस्टी रिद्धिश जागीरदार।**

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में

# सप्तदिवसीय शिवकथा का पूर्णाहुति के साथ समापन



**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दिव्य गुरु अशुतोष महाराज जी द्वारा स्थापित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में 22 से 28 सितंबर तक मुन्नूरु कापु भवन (म्याडम अंजय्या हॉल), काचीगुड़ा हैदराबाद में आयोजित सप्तदिवसीय शिवकथा का रविवार को कथा व्यास पीठ द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच पूर्णाहुति के साथ भव्य समापन हुआ। पूर्णाहुति में सभी मुख्य यजमान, दैनिक यजमान और उत्सव यजमानों सहित सभी ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया गया और ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों में आगे भी सहभागी बनने का आग्रह किया गया, जिससे समाज में आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार हो सके।

# पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल का 135वां नि:शुल्क मेडिकल कैंप सम्पन्न



**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल द्वारा सर्वोदय विचार प्रचार ट्रस्ट के सहयोग से 135वां नि:शुल्क मेडिकल कैंप कोठी स्थित गांधी ज्ञान मंदिर में संपन्न हुआ।

आज यहां अग्रवाल सेवा दल के प्रचार संयोजक अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शिविर एलसीएस डूंडू आई इंस्टीट्यूट वेस्ट मारेडपल्ली, किम्स सनशाइन अस्पताल, श्री भगवान महावीर विकलांग समिति हैदराबाद के सहयोग से आयोजित किया गया। किम्स सनशाइन हॉस्पिटल के जनरल फिजिशियन, हृदयरोग, अस्थिर-ोग विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं।

साथ ही ईसीजी 2 डी इको बीएमडी बीपी, आरबीएस की जांच डॉ. आशा बीए, डॉ. जैकिन प्रसाद, डॉ. कुमार रेड्डी, नर्सिंग स्टाफ ज्योति बरेली, सुजा बरेली, प्रणिता सुनार, प्रिया थापा, बीएमडी तकनीशियन आर.विष्णु, मार्केटिंग के उदय कुमार, शिविर में एलसीएस डूंडू नेत्र संस्थान वेस्ट मैरेडपल्ली के चिकित्सकों द्वारा नेत्रों की जांच के पश्चात 87 जरूरतमंदों को नि:शुल्क चश्मे और 25 रोगियों के नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन की व्यवस्था की गई जिसमें के श्रीनिवासुलु, मैनेजर डी वेंकटेश्वर राव, तकनीशियन हसन अली खान ने सहयोग दिया। दंत की जांच ललिता डेंटल क्लीनिक के डॉ.संजय सूर्यवंशी द्वारा की गई। भगवान महावीर विकलांग सहायता द्वारा एक विकलांग रोगी की सेवा की गई।

अवसर पर अग्रवाल सेवा दल के सलाहकार एवं पित्ती ट्रस्ट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शरद बी पित्ती, शिविर के संयोजक एवं अग्रवाल सेवा दल के प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेंद्र गोयल, रतन गुप्ता, विनय सी अग्रवाल, निखिल राणासरिया, उर्मिला अग्रवाल, स्थानीय सहयोगी सर्वोदय विचार प्रचार ट्रस्ट के रविंदर कपाड़िया, श्याम सुंदर अग्रवाल, अंशुल कपाड़िया, रफीक, रमेश, अजय तुलशन, पवन भराड़िया, श्याम सुंदर शर्मा, विजय नंदन काबरा, नामदेव शिम्पी, राजेंद्र यादव, राजेश तोतला, मनीष विजयवर्गीय, मूलचंद, उमेश मालानी, बंसी, जगदीश, अरुणा तुलस्यान, स्वयंसेवक सतीश गर्ग, बबीता गर्ग, सुनयना नरसरिया, राधेश्याम बियानी, मनोज सिंह, आगरा महिला मंच दीपा गर्ग, वंदना अग्रवाल, समाज सेवी गोपाल सिंह, शंकर लाल यादव, घनश्याम यादव, पित्ती लेमिनेशन के सदस्य ने अपनी सेवा प्रदान की।

# दोमलगुडा शाखा ने किया अग्र अखंड ज्योति रथयात्रा का स्वागत



**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज तेलंगाना की दोमलगुडा शाखा द्वारा अग्र अखंड ज्योत रथ यात्रा का स्वागत शाखा द्वारा संचालित हेल्थ क्लिनिक परिसर के समीप किया गया।

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, शाखा के परामर्शदाता ओमप्रकाश पंसारी, उपाध्यक्ष अनिल गर्ग, मानद मंत्री योगेश अग्रवाल, सह मंत्री प्रतीक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विजय कुंछल, केंद्रीय समिति सदस्य विजय जिंदल, दिलीप पंसारी और अजय अग्रवाल, क्लिनिक संयोजक अक्षय अग्रवाल, महिला समिति की सीमा अग्रवाल, रथ यात्रा के संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल, शिव कुमार भालवाले, विकास- नेहा अग्रवाल, संतोष-सपना अग्रवाल, अग्र महिला मंच की दीपा गर्ग, अंजू गोयल, मंजू केजरीवाल और अन्य लोग उपस्थित रहे।



**जेसीआई सिकंदराबाद पैराडाइज़ की मासिक सभा होटल ब्लू बासिल हैदराबाद में अध्यक्ष रोजेवैले के संयोजन में आयोजित की गई। तम्बोला, डांडिया कार्यक्रम में संस्था की सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में दशहरा, दिवाली उत्सव सभी महिलाओं ने पूरे जोश से मनाने का भी निर्णय लिया।**

# छठ पूजा की की तैयारियों में जुटी बिहार एसोसिएशन




**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बिहार एसोसिएशन का कार्यकारिणी मंडल शहर के सभी भागों में महापर्व छठ की तैयारी में जुट गया है। छठ घाटों की सफाई हेतु युद्ध स्तर पर क्षेत्र-वार कमेटी गठन का कार्य किया जा रहा है। एसोसिएशन के महासचिव प्रभास कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस बार बिहार एसोसिएशन हैदराबाद राज्य के प्रशासनिक विभाग एवं ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के सहयोग से हैदराबाद के समस्त भागों में संस्था अपने सभी क्षेत्रीय मंडल के साथ मिलकर छठ घाटों को सौंदर्यीकरण हेतु विचार विमर्श शुरू कर दिया है, जैसा कि हम सभी जानते हैं टैंकबंड, उपल छठ घाट, एलबी नगर, काटेदान, मियांपुर, अयोध्या नगर, सुभाष नगर इत्यादि जगहों पर छठ महापर्व का तैयारी की जानी है। एसोसिएशन मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया कि एसोसिएशन के अध्यक्ष हरे राम सिंह कें नेतृत्व मे वरिष्ठ कार्यकारी मानवेंद्र मिश्रा, एसोसिएशन उपाध्यक्ष उत्तम यादव, रविशंकर सिंह, वीरेंद्र प्रसाद सिंह, विनोद गुप्ता, अखिलेश सिंह इत्यादि के द्वारा छठ घाट की साफ सफाई एवं सौंदर्यकरण के विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेराम सिंह ने कहा है कि समय रहते हम सभी को अपने-अपने क्षेत्र में तैयारी शुरू कर देना है।

महापर्व छठ हेतु राज्य सरकार के प्रशासनिक विभाग एवं सभी जगहों के मुंसिपल कॉरपोरेशन का बिहार एसोसिएशन हैदराबाद संस्था के सदस्यों को भरपूर सहयोग रहा है। संस्था सभी जगहों पर राज्य सरकार के सहयोग से प्रशासनिक दिशानिर्देशों को पूर्ण रुप से पालन करते हुए व्रतियों को अधिक से अधिक सुविधा पहुंचाने का प्रयत्न करेगा।

# राधे राधे ग्रुप का अन्नदान जारी



**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



राधे राधे ग्रुप, भाग्यनगर (हैदराबाद) के सौजन्य से गांधी अस्पताल मेट्रो स्टेशन, पिलर-1028, सिकंदराबाद में जरूरतमंद लोगों को नाश्ता वितरित किया गया। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पितृपक्ष की द्वादशी तिथि के अवसर पर स्वर्गीय भगवानदास अग्रवाल (मैसर्स भवानी ग्रुप, इंदरबाग, हैदराबाद ) की पुण्य स्मृति में रविवार को अन्नदान किया गया।इस अवसर पर राम प्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, लेहेक अग्रवाल, सतीश गुप्ता, आशा अग्रवाल, जगत नारायण अग्रवाल, महेश अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, अभिमन्यु अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, ट्विंकल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सुशील गुप्ता, नंदकिशोर अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, भगतराम गोयल, अमित गोयल, शीतल गोयल, रश्मित गोयल, पूजा गोयल, कौशल्या गुप्ता, नयन संघी आदि उपस्थित थे।



**आर्शिआन फिल्म निर्मित बिटु फिल्म का प्रिव्यू शो रविवार को रामानायडु स्टूडियो में प्रस्तुत किया गया। अवसर पर उपस्थित निर्माता एवं मुख्य अभिनेता डॉ. प्रशांत शाह साथ मे डॉ. डी. डी. शाह, जसमत पटेल, दिनेश गोसर, रिद्धिश जागीरदार, आर. के. जैन, जयंत गड़ा, निलेश छेड़ा, इंदिरा गोसर, अभिनेता वरवरा राव एवं अन्य।**

# तेरापंथी ज्ञानशाला प्रशिक्षक परीक्षा का आयोजन




**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महासभा ज्ञानशाला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नगरत्रय में चलने वाली 21 ज्ञानशालाओं की 22 प्रशिक्षिकाओं ने संचालक संस्था श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा सिकंदराबाद के अन्तर्गत अपनी परीक्षाएं लिखी। एक प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर 2020 के बाद 29 सितंबर 2024 को परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। प्रशिक्षिकाओं के त्रिवर्षीय कोर्स में इस बार विज्ञ व स्नातक की परीक्षा हुई। क्षेत्रीय संयोजक संगीता गोलछा, मुख्य प्रशिक्षक पुष्पा बरड़िया व परीक्षा व्यवस्थापक सरिता नखत, सह व्यवस्थापक जूली बैद की देख-रेख तेरापंथ भवन डीवी कॉलोनी में परीक्षा का सफल आयोजन हुआ। यहां विराजित शासनश्री साध्वी शिवमाला जी आदि ठाणा 4 के मंगल आशीर्वाद व मंगलपाठ श्रवण के बाद केन्द्र से प्राप्त प्रश्नपत्र सभा अध्यक्ष सुशील संचेती, ज्ञानशाला परामर्शक अंजू बैद, तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष अभिनन्दन नाहटा, महिला मंडल अध्यक्ष कविता आच्छा, टीपीएफ अध्यक्ष व ज्ञानशाला संयोजक विरेंद्र घोषल व तेयुप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयेश मेहता की उपस्थिति रही। परीक्षा सम्बन्धी सभी व्यवस्थाओं को सुचारू करने में क्षेत्रीय सह संयोजक यशोदा कोठारी व उषा सुराना का विशेष सहयोग रहा।

# दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ त्यौहार के मद्देनजर 6,000 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाएगा रेलवे

## दक्षिण मध्य रेलवे इस त्यौहारी सीजन में 650 विशेष ट्रेनें संचालित करेगा

**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारतीय रेलवे इस साल 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों के लिए सुगम यात्रा की सुविधा के लिए 6000 से अधिक विशेष ट्रेनें संचालित करने के लिए तैयार है। हर साल त्योहारों के दौरान विशेष ट्रेनें चलाई जाती हैं और इस साल यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की संख्या में काफी वृद्धि की गई है।

गौरतलब है कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ त्योहारों के दौरान देशभर में लाखों यात्री यात्रा करते हैं। उन्हें सुगम और आरामदायक यात्रा मुहैया कराने के लिए भारतीय रेलवे ने इस साल फिर से 6000 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी की है। अगले दो महीनों में ये विशेष ट्रेनें सुनिश्चित करेंगी कि यात्री अपने गंतव्य तक निर्बाध रूप से पहुंचें। पिछले साल 2023 में भारतीय रेलवे ने कुल 4429 त्योहार विशेष ट्रेनें चलाईं, जिससे लाखों यात्रियों के लिए आरामदायक यात्रा अनुभव सुनिश्चित हुआ। हर साल देशभर से बड़ी संख्या में लोग दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार जाते हैं। ये त्यौहार उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं बल्कि उन्हें अपने परिवारों के साथ फिर से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान करते हैं। त्योहारी सीज़न के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ के कारण, अधिकांश ट्रेनों में उनके टिकट दो से तीन महीने पहले ही प्रतीक्षा सूची में चले जाते हैं। इसका समाधान करने के लिए भारतीय रेलवे इस साल त्योहारी सीजन के दौरान एक बार फिर विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है।



दक्षिण मध्य रेलवे में दुर्गा, दिवाली और छठ पूजा त्योहारों के दौरान लोगों की यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अक्टूबर महीने में लगभग 650 विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। तेलंगाना राज्य के लोग इस दौरान विभिन्न स्थानों जैसे आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और देश के अन्य पूर्वी हिस्सों की यात्रा करते हैं। इसलिए, इस दिशा की ओर जाने वाली लगभग सभी नियमित ट्रेनों में सभी श्रेणियों में भारी प्रतीक्षा सूची है। इसका समाधान करने और रेल यात्रियों के लाभ के लिए ज़ोन के भीतर और ज़ोन के बाहर के गंतव्यों के लिए विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। त्योहारी भीड़ को देखते हुए दक्षिण मध्य रेलवे इस अवधि के दौरान ट्रेनों को समय पर चलाने को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दे रहा है। इस अवधि के दौरान ट्रेनों का परिचालन समय पर हो इसके लिए सभी स्तरों, स्टेशन, मंडल और जोन पर ट्रेनों की निरंतर निगरानी की जा रही है।

# चेन्नूर के विकास के लिए समन्वय से कार्य करना चाहिए : कुमार दीपक

**मंचेरियाल, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**




मंचेरियाल जिला कलेक्टर कुमार दीपक ने कहा कि अधिकारियों को चेन्नूर निर्वाचन क्षेत्र में सभी के विकास के लिए समन्वय में काम करना चाहिए। चेन्नूर में मंडल प्रजा परिषद कार्यालय में निर्वाचन क्षेत्र के विधायक गद्दाम विवेक के साथ जिला और नगर निगम के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर बोलते हुए कलेक्टर ने कहा कि मिशन भागीरथ योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र के सभी घरों में नाला कनेक्शन के माध्यम से पीने का पानी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध करायी जानी चाहिए। अस्पतालों में दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भरता के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कैटीन, डेयरी, फार्म, मुर्गियां और मछली पालन सहित अन्य कार्यों में शामिल किया जाना चाहिए। विधायक विवेक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की आंतरिक सड़कों की पूरी जानकारी के साथ एक रिपोर्ट तैयार की जाए और ठेकेदारों के साथ समन्वय बनाकर कार्य में तेजी लाई जाए और लोगों को परेशानी न हो इसके लिए कार्रवाई की जाए।

# मंत्री पोन्नम ने लोगों से हाइड्रा के बारे में सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों पर विश्वास न करने का आग्रह किया

**सिद्दीपेट, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के परिवहन और पिछड़ा वर्ग मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने लोगों से हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति निगरानी और संरक्षण (हाइड्रा) से संबंधित सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों पर विश्वास न करने का आग्रह किया।

रविवार को सिद्दीपेट में एक सेवानिवृत्ति समारोह में भाग लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए, मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जन कल्याण के लिए हाइड्रा प्रणाली शुरू की। उन्होंने बताया कि हैदराबाद में भारी बारिश के कारण पिछले दिनों भीषण बाढ़ आई थी, जिससे निवासियों को मुश्किल हालातों का सामना करना पड़ा था।

मंत्री प्रभाकर ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस सरकार हाइड्रा को लागू करके अच्छे इरादों के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कुछ विपक्षी नेताओं की आलोचना की, जो अपने राजनीतिक लाभ के लिए और तेलंगाना के लोगों को भड़काने के लिए सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैला रहे हैं।उन्होंने कहा, तेलंगाना के लोगों को इन झूठी अफवाहों में नहीं पड़ना चाहिए। हैदराबाद तेलंगाना के दिल की तरह है और कांग्रेस सरकार शहर में कई लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। आजादी के बाद, कांग्रेस सरकार ने ही हैदराबाद को पीने के पानी के रूप में कृष्णा और गोदावरी का पानी उपलब्ध कराया था। रेवंत रेड्डी भारी बारिश के दौरान ऐसी स्थितियों को दोबारा होने से रोकने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। मंत्री ने उन दावों का खंडन किया कि मूसी नहर के किनारे रहने वाले निवासियों को जबरन बेदखल किया जा रहा है और इसे विपक्षी दलों द्वारा फैलाया जा रहा निराधार प्रचार करार दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रभावित परिवारों को डबल बेडरूम वाले घर और स्वरोजगार के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार मूसी क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है। प्रभाकर ने कहा, पिछली सरकार के दौरान, जब हम विपक्ष में थे, तो हमें इन मुद्दों को उठाने की भी अनुमति नहीं थी। कई लोगों को लाठियों से पीटा गया था। अब हम पीड़ितों के साथ समन्वय कर रहे हैं और उनकी चिंताओं को सुन रहे हैं। उन्होंने विपक्षी नेताओं, खास तौर पर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर मुसी मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने और प्रभावित परिवारों में अशांति फैलाने का आरोप लगाया। मंत्री ने दोहराया कि पूरे राज्य में हाइड्रा का स्वागत किया जा रहा है और बातचीत के जरिए किसी भी मुद्दे को हल करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जनता के लिए परेशानी मुक्त जीवन सुनिश्चित करने के लिए हाइड्रा की शुरुआत की। कांग्रेस सरकार सभी तालाबों की रक्षा करने और भविष्य में उत्पन्न होने वाली किसी भी चिंता का समाधान करने के लिए समर्पित है।

# एच2एच बिजनेस नेटवर्किंग की बिजनेस मीट सम्पन्न




**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बिजनेस नेटवर्किंग ने शनिवार, दि. 28 अक्टूबर 2024 को होटल बसेरा सिकंदराबाद में बिजनेस मीट का आयोजन किया।

संगठन का उद्देश्य सभी सनातनी हिंदू व्यापारियों को उनके संबंधित व्यवसाय में मदद करना और सामूहिक रूप से आगे बढ़ना है।

संस्था के संस्थापक गीतेश केट ने कहा कि एच2एच के हैदराबाद में लगभग 250 क्षेत्रों को कवर करने वाले दस चैप्टर हैं और उनके सदस्य पूरे हैदराबाद और सिकंदराबाद में फैले हुए हैं। बैठक का संचालन नवरत्न चैप्टर और परंपरा चैप्टर द्वारा किया गया।

जिसकी अध्यक्षता महेश कुमार सोनकांबले (अध्यक्ष) और किरण वेमुला के साथ-साथ उनकी कोर कमेटी के सदस्य सुजाता, उषाश्री, रोहित मैला डॉ. अर्चना, अध्यक्ष रीमा देब और अन्य ने की। बिजनेस मीट में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति और सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल बल्दवा ने भाग लिया।

# नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना राज्य एंटी नारकोटिक्स ब्यूरो (टीएसएएनबी) ने 28 सितंबर 2024 को गुरु नानक इंस्टीट्यूशंस, इब्राहिमपटनम के इंडोर ऑडिटोरियम में एंटी ड्रग्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य फोकस तेलंगाना में कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों के बीच नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करना है। यह कार्यक्रम पूरी तरह से श्री सुब्बारामी रेड्डी उप पुलिस अधीक्षक, तेलंगाना राज्य एंटी नारकोटिक्स ब्यूरो (टीएसएएनबी) और श्री श्रीनिवास राव, पुलिस निरीक्षक, श्री जीवा रेड्डी पुलिस उप निरीक्षक टीएसएएनबी की एक पहल है, जो मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथियों द्वारा कॉलेज के छात्रों के बीच नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर एक लघु फिल्म और पावर प्वाइंट प्रस्तुति दिखाई गई और उसके बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्य अतिथियों ने जोर देकर कहा कि चूंकि भारत का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है, इसलिए पड़ोसी दुश्मन देश हमारे युवाओं को निशाना बना रहे हैं और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के माध्यम से हमारे युवाओं को गुलाम बनाकर हमारे देश के भविष्य को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन देशों का लक्ष्य नशे के जरिए देश के युवाओं को कमजोर करना प्रतीत होता है. उन्होंने यह भी कहा कि तेलंगाना राज्य एंटी नारकोटिक ब्यूरो कॉलेज के छात्रों के बीच मिशन परिवर्तन लाने के उद्देश्य से काम कर रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक छात्र में एक सैनिक की तरह एक जिम्मेदार पुलिस अधिकारी होने की चेतना होनी चाहिए और हम सभी को एक बेहतर समाज के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के लिए जिम्मेदार तनाव को दूर करने के लिए योग और दैनिक शारीरिक व्यायाम का सुझाव दिया। उन्होंने छात्रों को यह भी सलाह दी कि कभी भी ऐसी गलतियां न करें जिससे पूरा जीवन खराब हो जाए।

उन्होंने इस परिसर में इस तरह के नशीली दवाओं के दुरुपयोग विरोधी कार्यक्रम के संचालन में सहयोग के लिए गुरु नानक संस्थान प्रबंधन की सराहना की। संस्थानों के उपाध्यक्ष और गुरु नानक विश्वविद्यालय के चांसलर श्री गगनदीप सिंह कोहली, गुरु नानक विश्वविद्यालय के प्रबंध निदेशक और कुलपति डॉ. एचएस सैनी ने इस अवसर पर छात्रों और कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए टीएसएएनबी अधिकारियों को उनकी यात्रा के लिए बधाई दी। जीएनआईटीसी के निदेशक डॉ. एस. श्रीनाथ रेड्डी ने छात्रों और शिक्षकों से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

उन्होंने युवाओं को ढालने और उन्हें विनाशकारी आदतों से दूर रखने में शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने नशीली दवाओं से मुक्त परिसर और समुदाय बनाने के महत्व पर जोर दिया और छात्रों के स्वास्थ्य और कल्याण की रक्षा करने वाली ऐसी पहलों का समर्थन करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। श्री जीवन रेड्डी, सब इंस्पेक्टर ने कहा कि टोल फ्री नंबर 14446 उन लोगों की मदद के लिए हमेशा काम कर रहा है जो पहले से ही नशे के आदी हैं और छात्रों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से संबंधित मामलों के बारे में सूचित करने के लिए टोल फ्री नंबर 8712671111 का उपयोग करने की सलाह दी।

# कांग्रेस हमेशा सत्ता के लिए दुश्मनों के साथ रहती है खड़ी : अनुराग

**जम्मू, 29 सितंबर (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा देश के बजाय देश के दुश्मनों के साथ खड़ी रहती है और हमारे जवानों के बलिदान पर सवाल उठाती है और उनकी उपलब्धियों का सबूत मांगती है।



श्री ठाकुर ने कहा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सीमा पर सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए गए थे तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी गलवान संघर्ष के दौरान बंद दरवाजों के पीछे चीनी अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार को चीन से करोड़ों रुपये मिले हैं यही वजह है कि वे भारत के बजाय चीन के साथ खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने समाज के कमजोर वर्गों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाए हैं और भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ जम्मू-कश्मीर में अपनी सरकार बनाएगी। पूर्व मंत्री ने सुचेतगढ़ में पार्टी प्रत्याशी घारू राम भगत के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने देश की रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं जिसमें राफेल और तेजस लड़ाकू विमान बनाना और सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन नीति लागू करना शामिल है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी दिवाली अपने परिवार के बजाय सैनिकों के साथ मनाते हैं।

श्री ठाकुर ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर राजीव गांधी फाउंडेशन के तहत चीन से करोड़ों रुपये लेने का आरोप लगाया यही वजह है कि वे भारतीय सैनिकों के बजाय चीनी अधिकारियों के साथ खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन के दौरान हजारों एकड़ जमीन चीन को दे दी गई थी लेकिन श्री मोदी के आने के बाद से भारत की एक इंच जमीन भी नहीं ली गई है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान जबरन नसबंदी और लोगों को सामूहिक रूप से जेल में डालना अत्याचारों में से एक था। उन्होंने दावा किया कि अगर अंबेडकर का संविधान नहीं होता तो आपातकाल कभी खत्म नहीं होता।

उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में नरेन्द्र मोदी सरकार ने भीमराव अंबेडकर के नाम पर कई स्थलों का विकास किया है और दलित समुदाय के लिए कई कल्याणकारी कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने ही अनुसूचित जनजाति के गुज्जरों, बकरवाल और पहाड़ी समुदाय को आरक्षण दिया है। श्री ठाकुर ने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के पाकिस्तान के प्रति नरम रुख पर सवाल उठाते हुए कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान अपने नष्ट किए गए ठिकानों के बारे में चिल्ला रहा था जबकि कुछ भारतीय नेता सबूत मांग रहे थे।

श्री ठाकुर ने आगे कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कांग्रेस और नेकां के साथ अपने संबंधों का खुलासा करते हुए कहा है कि अनुच्छेद 370 के मामले में वे एक ही राय रखते हैं।

# शिंदे ने विपक्ष पर निशाना साधा कहा विपक्षियों का रुख पाखंडी

**सतारा, 29 सितंबर (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे के एनकाउंटर पर विपक्षी दलों के पाखंडी रुख को लेकर रविवार को उन पर निशाना साधा।

श्री शिंदे ने आज शाम जिले के पाटन में स्वर्गीय बालासाहेब देसाई कृषि परिसर, पेयजल योजना के शिलान्यास और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए विपक्ष पर अक्षय शिंदे के एनकाउंटर पर विरोधाभासी रुख अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि पहले तो उन्होंने आरोपी को फांसी देने की मांग की लेकिन पुलिस एनकाउंटर के बाद वे पूछ रहे हैं कि पुलिस ने उसका एनकाउंटर क्यों किया। उन्होंने कहा, विपक्ष का यह रुख पाखंडी है और आगामी विधानसभा चुनाव में लोग विपक्षी दलों के दोहरे रवैये का एनकाउंट करेंगे।

श्री शिंदे ने दावा किया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने महज छह महीने में राज्य को नंबर एक रैंक पर पहुंचाने में सफलता हासिल की है।

# सखी सहेली महिला शाखा द्वारा अग्र अखण्ड ज्योत रथ यात्रा का स्वागत



**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महाराजा अग्रसेन जी की 5148वीं जयंती के संदर्भ में अग्रवाल समाज द्वारा अखंड अग्र ज्योति रथ यात्रा का आयोजन किया गया है।जो समाज की सभी शाखाओं मैं भ्रमण कर समाज के सभी अग्र बंधुओं को लाभान्वित कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को गोशामहल दारुस्सलाम स्थित दक्कन कॉलेज के समक्ष रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना, मल्यार्पण कर आरती की गई। तत्पश्चात सभी ने अल्पहार का आनंद लिया। इस अवसर पर संगीता पटवारी, शीखा अग्रवाल, आरती अग्रवाल, एकता गुप्ता, कीर्ति गुप्ता, दीपा अग्रवाल, किरण अग्रवाल, उमा अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, नेहा अग्रवाल आदि उपस्थित थे।




**महाराजा श्री अग्रसेन जी की 5148वीं जयंती के संदर्भ में अग्र महिला मंच तेलंगाना की अध्यक्षा दीपा गर्ग, मंत्राणी अंजू गोयल एवं मधु गोयल, सपना अग्रवाल, मंजू केजरीवाल, वंदना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, मोनिका गोयल, नेहा अग्रवाल ने अखंड अग्र ज्योति रथ यात्रा का स्वागत किया।**

# गुणवत्ता पर ध्यान देकर ब्रांड इंडिया को मजबूत करें विनिर्माता: गोयल

**नई दिल्ली, 29 सितंबर (एजेंसियां)।** मेक इन इंडिया पहल के एक दशक पूरे होने पर, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को यहां भारतीय उद्योग जगत के साथ एक बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के अनुरूप स्वास्थ्य प्रथाओं के माध्यम से ब्रांड इंडिया को बढ़ावा देने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सामानों के उत्पादन को प्राथमिकता देने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। श्री गोयल ने इस अवसर पर विनिर्माण उद्योग से शून्य पर्यावरणीय प्रभाव और शून्य त्रुटि के साथ मेक इन इंडिया अभियान को तेजी से आगे बढ़ने का आह्वान किया।

उन्होंने इस संवाद सत्र में 140 से अधिक पीएलआई लाभार्थी कंपनियों के सीईओ के साथ बातचीत करते हुए, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत उनकी उपलब्धियों को उत्साह जनक बताया। श्री गोयल ने पीएलआई लाभार्थी कंपनियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना के तहत काम कर रही कंपनियां महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने, नौकरियां पैदा करने और भारत को विनिर्माण क्षेत्र में वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने में सहायक रहे हैं।उन्होंने कंपनियों के सीईओ से भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपने उत्पादों में घरेलू मूल्यवर्धन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। श्री गोयल ने उद्योग जगत से इस संबंध में घरेलू विनिर्माताओं का समर्थन करने का भी आग्रह किया। तीन घंटे की लंबी बातचीत के दौरान, लाभार्थी कंपनियों के सीईओ ने पीएलआई योजनाओं पर अपने दृष्टिकोण साझा किए, योजनाओं की प्रभावशीलता में सुधार और कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित करने के लिए अपने अनुभवों, सफलता की कहानियों और सुझावों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की।

बातचीत के बीच सभी प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री के मन की बात के प्रसारण के 114वें संस्करण को देखा, जिसमें श्री मोदी ने बताया कि कैसे मेक इन इंडिया अभियान ने भारत को एक विनिर्माण महाशक्ति बनाने में योगदान दिया है जिसके परिणामस्वरूप निर्यात में वृद्धि हुई है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में निरंतर वृद्धि के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, कपड़ा, विमानन, ऑटोमोबाइल और अन्य क्षेत्रों में भारत मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि देश अब गुण-वत्ता: वैश्विक मानकों के उत्पाद और वोकल फॉर लोकल: स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। बैठक के दौरान पीएलआई योजनाओं की समग्र उपलब्धि पर भी चर्चा की गई।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार पीएलआई योजना के टारगेट अंतर्गत वास्तविक निवेश 1.46 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है और अगले साल तक यह दो लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है।

ज्योतिष
ASTROLOGY
नाकौड़ा भैरव ज्योतिष
(जय जिनेन्द्र) मारवाड़ी, गुजराती महाराज, माजिशा भक्त हस्तरेखा, जन्माक्षर, पूजा-पाठ, संतान प्राप्ति, शारीरिक पीड़ा, मानसिक पीड़ा, व्यापार, सगाई, लग्न विलंब, शत्रुनिवारण, प्रेम समस्या, कर्ज मुक्ति, गृहक्लेश आकर्षण प्रयोग, पतिवश, सास-बहू झगड़ा, एकतरफा प्रेम (वशीकरण के जानकार) जीवन की जटिल समस्याओं का A+Z समाधान। बेगम बाजार, हैदराबाद.
संपर्क : 9032460847.

# श्री महाकालेश्वर मंदिर में देवी नवरात्रि उत्सव 3 से

**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्रीश्रीश्री महांकालेश्वर मंदिर, मीरआलममंडी, हैदराबाद में आगामी गुरुवार दि. 3 से शनिवार 12 अक्तूबर 2024 तक श्री देवी नवरात्रि उत्सव मनाया जा रहा है।

मंदिर के अध्यक्ष गजुला अंजय्या द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गुरुवार दि. 3 अक्तूबर प्रतिपदा को श्री बाला त्रिपुरा सुन्दरी देवी का 10 पारायण, चंडी हवन होगा। दि. 4 अक्तूबर द्वितीय को श्री गायत्री देवी का 10 पारायण, चंडी हवन होगा। 5 अक्तूबर तृतीया को श्री अन्नपूर्णा देवी का 10 पारायण, चंडी हवन, 6 अक्तूबर चतुर्थी को श्री ललिता त्रिपुर सुन्दरी देवी का 10 पारायण, चंडी हवन, सोमवार 7 अक्तूबर पंचमी को श्री महाचंडी देवी 10 पारायण, चंडी हवन, मंगलवार 8 अक्तूबर षष्ठी को श्री महालक्ष्मी देवी का 10 पारायण, चंडी हवन, बुधवार 9 अक्तूबर सप्तमी को श्री सरस्वती देवी का 10 पारायण, चंडी हवन, गुरुवार 10 अक्तूबर अष्टमी को श्री दुर्गा देवी अलंकार, 20



पारायण, द्विचंडी हवन, शुक्रवार 11 अक्तूबर नवमी को श्री महिसासुरमर्दिनी देवी 10 पारायण, शतचंडी हवन परिसमाप्ति, कन्या पूजा, महा पूर्णाहुति का आयोजन होगा। शनिवार 12 अक्तूबर दशमी को श्री राजर-ाजेश्वरी देवी की ऊँजल सेवा, तिरुविधि सेवा, रावण दहन, शमि पूजन का कार्यक्रम होगा। 13 अक्तूबर एकादशी को श्री महादेवी अष्टदल पाद पद्म सेवा सुबह 11.00 बजे की जाएगी। नवरात्रि में प्रतिदिन प्रातः 3.00 बजे से सुप्रभात सेवा, महाभिषेक, अलंकार, शतचंडी पारायण, चंडी हवन, पूर्णाहुति, नैवेद्य, नीराजन, मंत्रपुष्प, आशीर्वचन, तीर्थ प्रसाद वितरण, सायं 5:30 बजे महिलाओं द्वारा सामूहिक सहस्रनाम कुमकुम अर्चना का आयोजन किया जाएगा।

इसके साथ ही सायं सेवाओं में भाग्यनगर में मातारानी की ऊँजल सेवा के अंतर्गत सायं 6:30 बजे सहस्र दीपोत्सव सेवा व ऊँजल सेवा, रात्रि 8:05 बजे पंचआरती, सामूहिक आरती, गौरी पूजा एवं बतुकम्मा रात्रि 8:30 बजे अन्न प्रसाद, रात्रि 11:50 बजे एकांत सेवा का आयोजन होगा।

पूर्ण 9 दिवस सामूहिक कुमकुम अर्चना में भाग लेने वाली महिलाओं को माता रानी का आशीर्वाद स्वरुप साड़ी (निःशुल्क) प्रदान की जाएगी। श्री श्री श्री महांकालेश्वरा मंदिर के अध्यक्ष गाजुला अंजय्या ने भक्तों से उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर माता की कृपा प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# जम्मू-कश्मीर में एमसीसी उल्लंघन के लिए 23 सरकारी कर्मचारी निलंबित

**जम्मू, 29 सितंबर (एजेंसियां)।** जम्मू कश्मीर चुनाव कार्यालय ने चुनाव प्रचार और संबंधित राजनीतिक गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों की भागीदारी का संज्ञान लेते हुए आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के लिए 23 अधिकारियों को निलंबित कर दिया और छह संविदा/तदर्थ कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया है। इसके अलावा 20 कर्मचारियों को उनके मौजूदा कार्यालयों से दूसरे तहसीलों और जिलों के कार्यालयों में स्थानांतरित कर दिया गया है जिनके खिलाफ पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने की शिकायतें थीं। चुनाव कार्यालय ने आगे बताया है कि चल रहे विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान अब तक जम्मू-कश्मीर में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा कुल 130 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग ने सबसे अधिक 107.50 करोड़ रुपये जब्त किए हैं जबकि केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) ने 9.88 करोड़ रुपये, एसजीएसटी/सीटी ने 8.03 करोड़ रुपये, एनसीबी ने 2.06 करोड़ रुपये, आयकर विभाग ने 87 लाख रुपये तथा राज्य आबकारी विभाग ने 50 लाख रुपये जब्त किए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पीके पोले ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को रैलियां, जुलूस, पार्टी कार्यालय खोलने, वाहन, बैनर, झंडे, पर्चे, होर्डिंग, नुक्कड़ सभा, घर-घर जाकर प्रचार, हेलीकॉप्टर और हेलीपैड, वीडियो वैन, स्टार प्रचारकों, पार्टी पदाधिकारियों के लिए वाहन अनुमति और एसी के भीतर वाहन अनुमति के संबंध में लगभग 7088 अनुमतियां दी गई हैं। उन्होंने बताया कि आज तक कुल 1263 एमसीसी उल्लंघनों की रिपोर्ट की गई है जिनमें से 600 को जांच और उचित कार्रवाई के बाद बंद कर दिया गया है जबकि 364 की जांच चल रही है जिनका भी जल्द ही निपटारा कर दिया जाएगा। इसके अलावा 115 उम्मीदवारों/राजनीतिक दलों/मीडिया घरानों और अन्य को एमसीसी उल्लंघनों के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। सीईओ ने बताया कि अवैध रूप से मादक पदार्थों, नकदी और शराब ले जाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों ने 32 प्राथमिकी दर्ज की हैं।

# तेलंगाना की महिलाओं के लिए स्वस्थ और अधिक सशक्त भविष्य का निर्माण करेंगे : रेवंत रेड्डी







**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने रविवार को महिलाओं के स्वास्थ्य सेवा के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की और कहा कि राज्य की महिलाओं के लिए एक स्वस्थ और अधिक सशक्त भविष्य का निर्माण किया जायेगा।



मुख्यमंत्री ने स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए गाचीबावली स्टेडियम में सुधा रेड्डी फाउंडेशन द्वारा आयोजित पिंक पावर रन कार्यक्रम में भाग लेते हुए ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने दौड़ के विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए और एकता और जागरूकता का प्रतीक पक्षी के आकार में सबसे बड़ी मानव श्रृंखला बनाने वाले स्वयंसेवकों की प्रशंसा की।

इस दौड़ का उद्घाटन मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा ने किया, जिन्होंने झंडा दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की और प्रतिभागियों को इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। सुधा रेड्डी फाउंडेशन द्वारा बड़े पैमाने पर आयोजित पिंक पावर रन का उद्देश्य न केवल स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, बल्कि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बनाना भी है।

इस कार्यक्रम में विधायक अरिकेपुडी गांधी, सैट के अध्यक्ष शिव सेना रेड्डी, कई वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सा पेशेवर और सुधा रेड्डी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# ओणम उत्सव एकता और त्याग का प्रतीक है: मंत्री सीताक्का

**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना पंचायत राज, ग्रामीण विकास और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री डॉ. धनसारी अनसूया सीताक्का ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ओणम उत्सव एकता और त्याग का प्रतीक है और उन्होंने सभी से इन मूल्यों को अपनाने का आग्रह किया।

रविवार को शेरिलिंगमपल्ली निर्वाचन क्षेत्र के नल्लागंदला में मलयाली समुदाय द्वारा आयोजित ओणम उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि हालांकि तेलंगाना और केरल भौगोलिक रूप से अलग-अलग हैं, लेकिन दोनों राज्य सांस्कृतिक और पारंपरिक समानताएं साझा करते हैं। उन्होंने बताया कि तेलंगाना में मनाया जाने वाला ओणम और बातुकम्मा दोनों ही फूलों का त्योहार है जो सांप्रदायिक उत्सवों के माध्यम से प्रकृति का सम्मान करते हैं।




मंत्री सीताक्का ने कहा कि ओणम परोपकारी राजा महाबली की वापसी के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्हें लोगों के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित किया जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दूसरों के कल्याण के लिए काम करने का त्यौहार दृढ़ता से प्रतिध्वनित होता है और सभी को करुणा और उदारता के साथ जीने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने दर्शकों को ज़रूरतमंदों की सहायता करके ओणम की भावना को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ओणम उत्सव हम सभी को दूसरों के लिए जीने और समाज की भलाई में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। मुझे उम्मीद है कि यह त्योहार सभी के लिए शांति, समृद्धि और खुशी लेकर आएगा। इससे पहले, मंत्री सीताक्का ने औपचारिक दीप प्रज्वलित करके ओणम समारोह का उद्घाटन किया, उनके साथ कांग्रेस वार रूम प्रभारी पवन मल्लाडी भी थे। आयोजकों ने पारंपरिक केरल संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उनका स्वागत किया।

# सीजेआई चंद्रचूड़ ने तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की



**तिरुमाला, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने वैकुंठ क्यू कॉम्प्लेक्स से मंदिर में प्रवेश किया और गर्भगृह में प्रार्थना की। दर्शन के बाद वैदिक पंडितों ने रंगनायकुला मंडपम में सीजेआई और उनके परिवार को वेदसेवाचनम अर्पित किया।

मंदिर के पुजारियों ने उन्होंने रंगनायकुला मंडपम में वैदिक आशीर्वाद दिया। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव ने मुख्य न्यायाधीश को देवता की तस्वीर और तीर्थ प्रसादम (पवित्र भोजन) प्रदान किया।

# तेलंगाना परिवहन निगम जल्द भरेगा तीन हजार रिक्त पद







**करीमनगर, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) जल्द ही अपने 3,000 रिक्त पदों को भरेगा।

राज्य सड़क परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने रविवार को यह घोषणा की। उन्होंने करीमनगर में 33 नयी इलेक्ट्रिक बसों का उद्घाटन करने के बाद कहा कि सरकार आगामी दशहरा उत्सव से पहले टीएसआरटीसी कर्मचारियों के लंबित बकाये का भुगतान करने की दिशा में काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में टीएसआरटीसी में कर्मचारियों और बसों की संख्या में काफी कमी आयी है हालांकि, अतीत में वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर चुका निगम अब स्वतंत्र रूप से नयी बसें खरीद रहा है।

मंत्री ने सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में सुधार के लिए हैदराबाद शहर के लिए विशेष रूप से 2,500 नई बसें खरीदने के निर्णय पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि सरकार हैदराबाद आउटर रिंग रोड पर डीजल से चलने वाली बसों की संख्या को कम करने और धीरे-धीरे उन्हें पर्यावरण के अनुकूल इलेक्ट्रिक बसों से बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उल्लेख किया कि टीएसआरटीसी ने इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए जेबीएम समूह के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें हैदराबाद सहित सभी जिलों में इलेक्ट्रिक बसें शुरू करने की योजना है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि टीजीएसआरटीसी को विकसित करने और लंबे समय में इसकी स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान सरकार के तहत क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं। सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा, राज्य की नीतियां महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और महिलाओं को मुफ्त यात्रा प्रदान करने में सहायक रही हैं। अब तक करोड़ों महिलाओं ने टीएसआरटीसी बसों में मुफ्त यात्रा का लाभ उठाया है, जो सरकार द्वारा प्रदान की गई सब्सिडी में 3,200 करोड़ रुपये है।

इस पहल का श्रेय कांग्रेस पार्टी की महिला कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को जाता है। मंत्री प्रभाकर ने पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान किए गए वादों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में आने पर टीजीएसआरटीसी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा लागू करने का वादा किया था, यह वादा मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में पार्टी द्वारा सत्ता संभालने पर पूरा किया गया।

उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार लोगों के लाभ के लिए टीए-सआरटीसी को मजबूत करने और इसकी सेवाओं को बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना जारी रखेगी।

# तेलंगाना सरकार किसानों के लाभ के लिए नया राजस्व कानून पेश करेगी: मंत्री

**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के राजस्व, आवास और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने घोषणा की कि राज्य सरकार पिछले प्रशासन द्वारा राजस्व प्रणाली के दुरुपयोग को सुधारने और एक मजबूत, अधिक पारदर्शी ढांचा बनाने के लिए एक नया राजस्व कानून तैयार कर रही है। रविवार को शमीरपेट में नालसार लॉ यूनिवर्सिटी में 33 जिलों के तहसीलदारों के साथ एक बैठक को संबोधित करते हुए, मंत्री ने खुलासा किया कि नए कानून का उद्देश्य किसानों और आम जनता को लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया पूरी होने वाली है और जल्द ही इसे लागू किया जाएगा। रेड्डी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि राजस्व प्रणाली की दक्षता को बढ़ाया जाना चाहिए, विशेष रूप से सरकारी संपत्तियों और सार्वजनिक भूमि की सुरक्षा में।

उन्होंने अधिकारियों को सरकारी भूमि के एक इंच हिस्से पर भी अतिक्रमण न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, कर्मचारियों को राजस्व कार्यालयों में आने वाले नागरिकों के साथ पूरा सहयोग करना चाहिए और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए लगन से काम करना चाहिए।

मंत्री ने विभिन्न विकासात्मक कल्याणकारी योजनाओं के लिए पात्र लाभार्थियों की पहचान करने और इन योजनाओं को लक्षित लोगों तक पहुँचाने को सुनिश्चित करने में राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने रेखांकित किया कि तहसीलदार सरकार और जनता के बीच की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और




कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे इस बात पर विचार करें कि राजस्व प्रणाली लोगों की अपेक्षा के अनुसार काम कर रही है या नहीं। उन्होंने जोर देकर कहा, राजस्व कर्मचारियों को लोगों का विश्वास बनाए रखने और किसानों, गरीबों और आम नागरिकों की चिंताओं को प्रभावी ढंग से संबोधित करके सरकार की प्रतिष्ठा बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। इस सरकार द्वारा लिए गए हर फैसले में वंचितों के कल्याण को प्राथमिकता दी गई है।

मंत्री ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य के डीजीपी के साथ चर्चा की जाएगी कि तहसीलदारों के खिलाफ मामले कलेक्टर की अनुमति प्राप्त करने के बाद ही दर्ज किए जाएँ। उन्होंने राजस्व कर्मचारियों के लिए हैदराबाद में एक समर्पित प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की योजना की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार ने पर्याप्त कार्यालय स्थापित किए बिना, बुनियादी सुविधाएँ प्रदान किए बिना या आवश्यक कर्मचारियों की नियुक्ति किए बिना जल्दबाजी में मंडलों की संख्या बढ़ा दी। मंत्री ने इन कमियों को दूर करने का वादा किया और कहा कि चुनाव के बाद से लंबित तहसीलदारों के तबादले पर निर्णय संबंधित ट्रेड यूनियनों के साथ विचार-विमर्श के बाद किया जाएगा। बैठक के दौरान राजस्व विभाग के प्रधान सचिव नवीन मित्तल ने कहा कि विभाग का कुशल संचालन सीधे लोगों के कल्याण को प्रभावित करता है और सरकार की सकारात्मक प्रतिष्ठा में योगदान देता है। उन्होंने आगे बताया कि कर्मचारियों की लगभग 300 लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति फाइलें, जो लगभग पांच वर्षों से रुकी हुई थीं, अब निपटा दी गई हैं। मेडचल-मलकजगिरी के जिला कलेक्टर गौतम पोटरु, तेलंगाना तहसीलदार संघ के अध्यक्ष रामुलु, तेलंगाना राजस्व सेवा संघ के अध्यक्ष वांगा रविंदर रेड्डी और अन्य प्रमुख अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

## इलाज के दौरान युवक की मौत आरएमपी डॉक्टर गिरफ्तार

**मंचेरियाल, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

ग्रामीण चिकित्सक (आरएमपी) बोड्डू



श्रीनिवास को शनिवार को लक्सेटीपेट के कोर्वी चेल्मा गांव में एक युवक को बिना किसी प्रासंगिक योग्यता के उपचार उपलब्ध कराने और परिणामस्वरूप उसकी मौत हो जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। लक्सेटीपेट इंस्पेक्टर आलम नरेंद्र ने बताया कि दांडेपल्ली के कन्नेपल्ली गांव के श्रीनिवास को 24 सितंबर को 26 वर्षीय बत्तुला मधुकर की हत्या में उसकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया। श्रीनिवास पर मधुकर का इलाज करने का मामला दर्ज किया गया था जिसे बुखार होने के बाद हैदराबाद के एक अस्पताल के डॉक्टरों ने ब्रैन डेड घोषित कर दिया था।




# राजस्थानी प्रगति समाज एवं प्रदर्शनी दशहरा सम्मेलन समितियों की बैठक सम्पन्न




**हैदराबाद, 29 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राजस्थानी प्रगति समाज के महामंत्री एवं मेला के प्रधान संयोजक गोविंद राठी की अध्यक्षता में रविवार को हसमत गंज में विभिन्न समितियां की बैठक हुई। घट स्थापना संयोजक रमेश चंद्र व्यास ने बतलाया कि घट स्थापना गुरुवार 3 अक्टूबर को सायंकाल 6:00 बजे शंकर जी मेमोरियल स्कूल में होगा इसके साथ ही मेला का शुभारंभ किया जाएगा। मानव झांकियां के संयोजिका श्यामा नावंनदर तथा सुरेखा सारडा ने भी दशहरा के दिन मानव झांकियां राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, सीता, हनुमान जी तथा वशिष्ठ की मानव झांकियां बनाई जाएंगी और हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक अलग आकर्षण होगा। मेला संयोजक कलावती जाजू, शकुंतला नावनदर ने भी अपने विचार रखे और सभी को इस मेले में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर कलावती जाजू ,गिरधारी लाल डागा, मनोज जायसवाल, सुमित राठी, रामदेव नगला, शकुंतला नावनदर, कमला राठी, सुरेखा शारडा, श्यामा नावनदर, सविता सोनी, रमेश चंद्र व्यास, छगनलाल लवंदर भी उपस्थित रहे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.